सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-410
10/09/2017

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से दूरभाष पर वार्ता कर रेयान इन्टरनेशनल स्कूल के छात्र हत्या मामले में कड़ी कार्रवाई का अनुरोध किया

पटना 10 सितम्बर, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हरियाणा के गुरूग्राम में रेयान इन्टरनेशनल स्कूल के दूसरी कक्षा का छात्र प्रद्युम्न की हत्या मामले में आज हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से दूरभाष पर वार्ता की और इस मामले में दोषियों के विरूद्ध सख्त से सख्त कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त नई दिल्ली को भी निर्देश दिया है कि वे अविलम्ब वहाँ से पदाधिकारी गुरूग्राम भेजेंगे, जो गुरूग्राम जाकर पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना देंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिहार के पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर ने भी हरियाणा के पुलिस महानिदेशक से दूरभाष पर बात की है और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

******